शासन द्वारा मान्यता प्राप्त || संघे शक्ति कलयुगे || पंजीयन क्र.03473/12/11

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893765595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
268, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com

क्रमांक 389/पट. संघ/2026 दिनांक 08/08/2026

**संघे शक्ति कलयुगे....**

**सम्मानित,**
**समस्त आंदोलन संचालन समिति,**
**संरक्षक / मार्गदर्शक / संयोजक,**
**प्रांतीय पदाधिकारी / संभागीय अध्यक्ष,**
**जिलाध्यक्ष / तहसील अध्यक्ष,**
**एवं प्रदेश पटवारी साथीगण**
**मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल।**

**सादर वंदेमातरम....**

**सर्वप्रथम आप सभी का सादर अभिवादन धन्यवाद एवं आभार कि आप सभी ने तन, मन ओर धन से समर्पित से भाव से अपनी पूर्ण क्षमता के साथ आंदोलन को सफल बनाया साथ ही उन लोगों का भी धन्यवाद जिन्होंने साथ ना देकर भी मुझे और मेरे हौसले को लड़ने में अधिक शक्तिशाली व मजबूत बनाया। साथियों इतने अल्प समय में ही 05 में से 04 मांगों को सरकार से मात्र 04 दिनों के संघर्ष में मनवाने में सफल हुए हैं। जिसमें आप सभी का अमूल्य योगदान रहा है। आप सभी पदाधिकारियों के स्थानांतरण की सूची हमारे द्वारा पीएस रेवेन्यू सर को दे दी गई है। जिसमें आप सभी के समक्ष में उनके द्वारा बताए अनुसार स्थानांतरण आदेश निरस्त की कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य सभी प्राप्त आवेदन पत्रों को भी हमने उनके कार्यालय में जमा करवा दिए हैं। जिनपर कार्यवाही पश्चात निराकरण होगा। कल भी हम प्रतिदिन की तरह ही भोपाल में रहकर मंत्रालय में मांगों के निराकरण हेतु व्यस्त रहे। अनिश्चितकालीन हड़ताल अवधि के**

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893765595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
268, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-61455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com



वेतन हेतु पत्र के साथ मिले तथा कैडर रिव्यू समिति के आदेश प्रसारित के संबंध में मुख्य सचिव महोदय से मिलने का प्रयास किया। किंतु वो माननीय मुख्यमंत्री महोदय के जन विश्वास अभियान में व्यस्त होने से नहीं मिल सके । किंतु हमारी जानकारी अनुसार मुख्य सचिव महोदय द्वारा उक्त समिति का आदेश फाइल पर होकर सामान्य प्रशासन विभाग को भेज दिया है। जिसमें संभवतः आज या अगले कार्य दिवस में होना संभव है। इसी प्रकार हड़ताल अवधि के वेतन का भी आदेश शीघ्र प्रसारित होना है। इसके अतिरिक्त कुछ साथियों की पदोन्नति राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति के लेकर भी सवाल थे। इसमें जैसा कि आप सभी के समक्ष आयुक्त महोदय द्वारा बैठक दिनांक 06/08/2026 पी आर सी भवन भोपाल में स्पष्ट किया था कि राजस्व निरीक्षक के वर्तमान रिक्त पदों पर भी हम पदोन्नति के प्रयास कर रहे हैं। आगामी माह में पुनः पदोन्नति प्रक्रिया शुरू की जाना है तो हम पदोन्नति भी देंगे।

साथियों मैं अभी इतना ही कहना चाहूंगा कि हमारा आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है। हमने अपनी कैडर रिव्यू की मांग पर शासन द्वारा लागू करने में प्रक्रिया के निर्धारित करने हेतु तीन माह अवसर प्रदान करते हुए सिर्फ स्थगित किया है। यहां मैं यह भी स्पष्ट करना चाहूंगा कि, आवश्यक नहीं की हर आंदोलन में हमारी हर मांगे पुरी हो। बल्कि आंदोलन का मुख्य उद्देश्य ये होता है कि, जब हमारे बार-बार निवेदन, आवेदन एवं आवश्यक मांगों को नजरंदाज कर, हमें ओर आपको भी नजर अंदाज किया जाता है। तब भी हम चरणबद्ध तरीके से अपनी मांगों के संबंध में लगातार प्रयास करते हैं। किंतु फिर भी निराकरण ना होने पर हमारा अंतिम अस्त्र हमारा हड़ताल होता है। तब हम सरकार को मजबूर करते है कि वो हमसे खुद आगे आकर टेबल पर आमने-सामने बैठकर चर्चा करें तथा यथासंभव शीघ्र ही विधिसम्मत

उपेन्द्र सिंह बाघेल
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893755595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

धर्मेन्द्र शर्मा
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
268, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51456, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com



तरीकों से हमारी मांगों का निराकरण हो। किंतु इस आंदोलन में हमने हड़ताल अवधि में ही कैडर रिव्यू को छोड़कर अन्य मांगों का निराकरण करवाया तथा कैडर रिव्यू के निराकरण की दिशा में भी हमने ठोस कदम उठाने हेतु सरकार को मजबूर किया है। इस बार जैसा कि आंदोलन के पूर्व ही स्पष्ट कर दिया था कि आंदोलन प्रारंभ से लेकर उसकी समाप्ति तक सभी निर्णय मैं स्वयं नहीं लेकर संचालन समिति एवं जिलाध्यक्षो के बहुमत के आधार पर लिया एवं आंदोलन सफल रहा इस हेतु आप सभी आंदोलन संचालन समिति सदस्य एवं जिलाध्यक्ष साथी बधाई के हकदार हैं। जिसके अतिरिक्त आप सभी पदाधिकारी एवं प्रदेश का समस्त पटवारी भी बधाई का हकदार हैं जिसने आंदोलन में समर्पित भाव से भाग लिया है।

अंत मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगा कि हमारा आंदोलन और संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है। हमारी सबसे महत्वपूर्ण मांग कैडर रिव्यू वेतनमान संबंधित मांग का निराकरण होना शेष है। जिस लक्ष्य को हमें अभी पाना शेष है। जिसका सफर अभी शुरू हुआ है, उसे हमें अब ओर अधिक मेहनत और प्रयासों से सफलता के अंतिम शिखर पर ले जाकर आदेश में परिवर्तन कराना है। इसलिए साथियों अभी रूके नहीं, थमें नहीं बल्कि निरंतर ओर अधिक प्रयास करें। आप सभी पर ये जिम्मेदारी है कि संगठन को संगठित रूप से जोड़कर अपनी एकता की शक्ति से शासन को भी ये बता दें कि ये आंदोलन का सिर्फ अभी अल्पविराम था, पूर्ण विराम तब होगा जब हम कैडर रिव्यू आदेश प्रसारित करने में सफल होंगे। वहीं हमारी इस आंदोलन की अंतिम निर्णायक जीत एवं सफलता होगी। इस हेतु इस आंदोलन को और ज्यादा प्रखर और प्रभावी बनाएं रखने हेतु आगामी एक दो दिन में पुनः वर्चुअल

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893765595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
268, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com



बैठक के माध्यम से भाग लेकर आंदोलनरत रहेंगे। पुनः आप सभी का अब तक की सफलता के धन्यवाद एवं आभार इन्हीं शब्दों के साथ कि....

खोल दे पंख मेरे कहता है परिंदा,
अभी और उड़ान बाकी है,
जमीं नहीं है मंजिल मेरी,
अभी पूरा आसमान बाकी है,
लहरों की ख़ामोशी को समंदर की
बेबसी मत समझ ऐ नादाँ,
जितनी गहराई अन्दर है,
बाहर उतना तूफ़ान बाकी है...

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
**प्रांताध्यक्ष**
**मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल**